Fourteenth Loksabha

Session : 9
Date : 07-12-2006

Participants : Mahto Shri Tek Lal

an>

Title: Need to stop the shifting of BSF training camp from Hazaribagh, Jharkhand and compensate the farmers of Bokaro whose land had been acquired for Lalpania Hydel Project.

श्री टेक लाल महतो (गिरिडीह): सभापति महोदय, झारखंड राज्य के हज़ारीबाग जिला अंतर्गत मेरु सदर प्रखंड तथा इचाक प्रखंड के अलौंजा आदि गांव के लोगों की ज़मीन पर सरकारी तौर पर सीमा सुरक्षा बल कैंप के अधीन 1964 में तत्कालीन प्रधान मंत्री स्वर्गीय श्रीमती इंदिरा गांधी द्वारा टीसीएस एवं एसटीसी की स्थापना की गई थी। इस इकाई द्वारा सीमा सुरक्षा बल में जवानों की बहाली कर प्रशिक्षण दिलाने का कार्य होता है। हाल ही में पता चला है कि मेरु कैम्प स्थित एसटीसी का स्थानांतरण आदेश जारी कर दिया गया है। इस कारण हज़ारीबाग की जनता में काफी आक्रोश और नाराज़गी है। इस संदर्भ में वे लोग धरना-प्रदर्शन हेतु स्थानीय अधिकारियों को मांगपत्र दे चुके हैं। वहां की स्थिति कभी भी अनियंत्रित हो सकती है।

अतः सदन के माध्यम से मैं सरकार से मांग करता हूं कि बीएसएफ कैम्प मेरू से एसटीसी संस्था को स्थानांतरित होने से तत्काल रोका जाए। झारखंड राज्य के बोकारो जिला के तरपइयां हाइडल के निर्माण में हज़ारों किसानों की ज़मीन अर्जित की गई है किन्तु अभी तक नियोजन, पुनर्वास और मुआवज़े का भुगतान नहीं हुआ है। अतः सदन के माध्यम से मेरी मांग है कि इनके विस्थापितों के पुनर्वास और मुआवज़े की शीघ्र व्यवस्था की जाए।